बच्चों को दी जाने वाली पुस्तकों की खेप पहुंची सहायक नगर आयुक्त ने किया सत्यापन

युवा हस्ताक्षर ब्यूरो

शाहजहाँपुर। शासन द्वारा जुलाई माह में बच्चों को निरूशुल्क दी जाने वाली पुस्तकों की खेप आ गयी जिसे विधालयों के माध्यम से बच्चों में वितरित कर दी गयीं। शेष पुस्तकों की खेप नगर के रोटी गोदाम स्तिथ खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध हुई।पुस्तकों को वितरण से पहले समिति द्वारा सत्यापन कराया जाता आज इसी के अंतर्गत सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती ने किताबों की संख्या, गुणवत्ता आदि का सत्यापन किया। इमरान सईद ने बताया कि दूसरी खेप में कक्षा 2 की कलरव, कक्षा 4 की फुलवारी 1890, अंक जगत 1847, सँस्कृत 1100, वाटिका 1809 तथा कक्षा 6, 7 की शेष पुस्तकें इसी के साथ अंग्रेजी व उर्दू की 14938 पुस्तकें प्राप्त हुई। जिन्हें कल से विद्यालयों में भेज दिया जाएगा। इस कार्य मे मुजाहिद अली, मो आदिल, अनिल व नगर निगम के कर्मचारी शामिल रहे।